AKSHANSH PUBLICATION

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

20 दिसम्बर 2024 को जारी नवीनतम पाठ्यक्रम अनुसार

# 1st Grade भर्ती परीक्षा हेतु

# GK (प्रथम प्रश्न पत्र)

# स्कूल व्याख्याता

Grade 1 ब्रह्मास्त्र

ऑल-इन-वन

## प्रैक्टिस सेट 6666+

TOPIC-WISE वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**विशेषताए:**

- नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नोत्तर
- राजस्थान बोर्ड, NCERT और मानक बोर्ड पर आधारित प्रश्नोत्तरों का समावेश
- सारगर्भित प्रश्नोत्तरों का संकलन
- नवीनतम आंकड़ों सहित

व्याख्यात्मक हल लक्ष्य क्लासेज़ के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

MRP ₹399

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

लक्ष्य क्लासेज™

M. 6376957258, 6376491126

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 5, Circle, Main Road, Udaipur



**श्री आनंद अग्रवाल**
निदेशक
लक्ष्य क्लासेज, उदयपुर

# दो शब्द...

प्रिय विद्यार्थियों.........

आपके समक्ष राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राजस्थान प्रथम श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा (स्कूल व्याख्याता) की 6666+ वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की प्रैक्टिस सेट पुस्तक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस प्रैक्टिस सेट पुस्तक में राजस्थान प्रथम श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा के सभी विषयों के टॉपिक अनुसार वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का समावेश किया गया है। यह पुस्तक विद्यार्थियों की आगामी I Grade परीक्षा की तैयारी को मजबूत बनाने और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से लिखी गई है। यह बुकलेट नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित है।

यह प्रैक्टिस सेट पुस्तक सम्पूर्ण नवीनतम पाठयक्रम को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिसके तहत भारत का इतिहास, राजस्थान का इतिहास, राजस्थान की कला एवं संस्कृति, राजस्थान का भूगोल, भारतीय राजनीति, सामान्य विज्ञान, शैक्षिक प्रबंधन एवं राजस्थान में शैक्षिक परिदृश्य, मानसिक क्षमता परीक्षण एवं गणित, हिन्दी, English, शिक्षा मनोविज्ञान और समसामयिकी से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का संकलन किया गया है। ये प्रश्न परीक्षा की दृष्टि से बेहद उपयोगी है। बुकलेट के माध्यम से आप परीक्षा के पैटर्न को समझ सकते हैं और अपनी तैयारी के लिए एक बेहतर रणनीति तैयार कर सकते हैं। इस पुस्तक को विषय विशेषज्ञों ने अपने विशिष्ट अनुभव व कौशल से तैयार किया हैं।

**मार्गदर्शन- लक्ष्य क्लासेज के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के निर्देशन में।**

**पाठ्यसामग्री निर्माता- राजवर्धन बेगड़, गंगासिंह भाटी, जिज्ञासा गहलोत, निशांत सोलंकी और अनोपचन्द मंडा।**

अंततः यह कहा जा सकता है कि यह पुस्तक राजस्थान प्रथम श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभप्रद है।

लक्ष्य परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

**आनंद अग्रवाल**
**निदेशक, लक्ष्य क्लासेज**

लक्ष्य क्लासेस ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को लक्ष्य क्लासेस की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

# विषय वस्तु

## 01 भारत का इतिहास


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | गुप्त काल एवं मुगल काल | 1 – 4 |
| 2. | 1857 का स्वतन्त्रता संग्राम | 5 – 7 |
| 3. | सामाजिक एवं धार्मिक पुनर्जागरण | 8 – 12 |
| 4. | भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन | 13 – 20 |
| 5. | भारत के प्रमुख राष्ट्रवादी नेता | 21 – 24 |


## 02 राजस्थान का इतिहास


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति | 26 – 27 |
| 2. | प्रमुख राजवंश (8वीं से 18वीं शताब्दी) | 28 – 33 |
| 3. | दिल्ली सल्तनत के साथ सम्बन्ध- मेवाड़, रणथम्भौर एवं जालोर | 34 – 36 |
| 4. | राजस्थान एवं मुगल सम्बन्ध | 37 – 40 |
| 5. | 1857 की क्रांति | 41 – 42 |
| 6. | आदिवासी एवं किसान आन्दोलन | 43 – 45 |
| 7. | राजनीतिक जागृति एवं प्रजामण्डल आन्दोलन | 46 – 49 |
| 8. | राजस्थान का एकीकरण | 50 – 51 |


## 03 राजस्थान की कला एवं संस्कृति


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | लोक देवी-देवता एवं संत | 53 – 56 |
| 2. | स्थापत्य कला | 57 – 60 |
| 3. | चित्रकला | 61 – 63 |
| 4. | मेले एवं त्योहार | 64 – 66 |
| 5. | लोक संगीत एवं नृत्य | 67 – 69 |
| 6. | भाषा एवं साहित्य | 70 – 73 |
| 7. | रीति-रिवाज | 74 – 75 |
| 8. | आभूषण एवं वेशभूषा | 76 – 77 |

## 04 राजस्थान का भूगोल


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | स्थिति एवं विस्तार | 79 – 81 |
| 2. | भौतिक विशेषताएँ | 82 – 85 |
| 3. | अपवाह तंत्र | 86 – 90 |
| 4. | जल संरक्षण एवं सिंचाई परियोजना | 91 – 93 |
| 5. | जलवायु | 94 – 96 |
| 6. | जनसंख्या | 97 – 99 |
| 7. | कृषि | 100 – 101 |
| 8. | पशुधन | 102 |
| 9. | खनिज | 103 – 105 |
| 10. | ऊर्जा संसाधन | 106 – 107 |
| 11. | उद्योग एवं व्यापार | 108 – 110 |
| 12. | पर्यटन एवं परिवहन | 111 – 112 |


## 05 भारतीय राजनीति


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय संविधान एवं उसकी विशेषताएँ | 114 – 117 |
| 2. | भारत में चुनाव | 118 – 122 |
| 3. | भारत का राष्ट्रपति, चुनाव एवं आपातकालीन शक्तियाँ | 123 – 128 |
| 4. | प्रधानमन्त्री, कैबिनेट एवं उसकी शक्तियाँ | 129 – 132 |
| 5. | संसद, लोकसभा अध्यक्ष एवं उसके कार्य | 133 – 138 |
| 6. | सर्वोच्च न्यायालय - संगठन एवं शक्तियाँ | 139 – 143 |
| 7. | राष्ट्रीय स्तर पर बोर्ड एवं आयोग | 144 – 148 |


## 06 सामान्य विज्ञान


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | परमाणु व अणु | 150 – 152 |
| 2. | रासायनिक अभिक्रियाएँ और समीकरण | 153 – 154 |
| 3. | कार्बन व उसके यौगिक | 155 – 160 |
| 4. | बल व गति के नियम | 161 – 163 |
| 5. | कार्य व ऊर्जा | 164 – 166 |
| 6. | ऊतक | 167 – 168 |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | नियंत्रण व समन्वय | 169 – 171 |
| 8. | आनुवंशिकी व विकास | 171 – 175 |
| 9. | पर्यावरण संरक्षण | 175 – 176 |
| 10. | प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन | 176 – 177 |
| 11. | जैव विविधता और सतत् विकास | 178 – 179 |


## 07 शिक्षा मनोविज्ञान


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | शिक्षा मनोविज्ञान | 181 – 183 |
| 2. | किशोर शिक्षार्थी की विशेषताएं | 184 – 187 |
| 3. | अधिगम | 188 – 192 |
| 4. | मानसिक स्वास्थ्य और समायोजन | 193 – 197 |
| 5. | संवेगात्मक बुद्धि | 198 – 199 |


## 08 शैक्षिक प्रबंधन


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | शैक्षिक प्रबंधन की अवधारणा, कार्य और सिद्धांत | 201 – 203 |
| 2. | शिक्षा में गुणवत्ता प्रबंधन, शैक्षिक निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण | 204 – 205 |
| 3. | शैक्षिक प्रबंधन में नेतृत्व शैलियाँ एवं संस्थागत नियोजन | 206 – 208 |
| 4. | राजस्थान में शैक्षिक परिदृश्य | 209 – 215 |
| 5. | शिक्षा का अधिकार अधिनियम- 2009 | 216 – 221 |
| 6. | राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं योजनाएं | 222 – 226 |


## 09 मानसिक क्षमता परीक्षण एवं गणित


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सादृश्यता | 228 – 229 |
| 2. | श्रृंखला पूर्णता | 230 – 231 |
| 3. | कोडिंग-डिकोडिंग | 232 – 233 |
| 4. | रक्त सम्बन्ध | 234 – 235 |
| 5. | तार्किक वेन आरेख | 236 – 238 |
| 6. | वर्णानुक्रम परीक्षण | 239 – 241 |
| 7. | क्रम परीक्षण | 242 – 244 |
| 8. | अंकगणितीय संक्रियाएँ | 245 – 246 |
| 9. | अंकगणितीय तर्क | 247 – 248 |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | आंकड़ा पर्याप्तता | 249 – 250 |
| 11. | घन और पासा | 251 – 254 |
| 12. | संख्या पद्धति | 255 – 259 |
| 13. | बीजगणित | 260 – 264 |
| 14. | क्षेत्रमिति | 265 – 269 |
| 15. | सांख्यिकी | 270 – 273 |
| 16. | आँकड़ों का प्रबंधन | 274 – 279 |


## 10 हिन्दी


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | संधि एवं संधि विच्छेद | 281 – 283 |
| 2. | उपसर्ग | 284 – 286 |
| 3. | प्रत्यय | 287 – 289 |
| 4. | विलोम शब्द | 290 – 292 |
| 5. | अनेकार्थक शब्द | 293 – 295 |
| 6. | समश्रुत भिन्नार्थक शब्द | 296 – 298 |
| 7. | शब्द शुद्धि | 299 – 300 |
| 8. | वाक्य शुद्धि | 301 – 304 |
| 9. | पारिभाषिक शब्दावली | 305 – 307 |


## 11 ENGLISH


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | TENSES | 309 – 311 |
| 2. | VOICE: ACTIVE AND PASSIVE | 312 – 316 |
| 3. | NARRATION: DIRECT AND INDIRECT | 317 – 322 |
| 4. | ARTICLE | 323 – 324 |
| 5. | DETERMINER | 325 |
| 6. | PREPOSITIONS | 326 – 327 |
| 7. | CORRECTION OF SENTENCES | 328 – 329 |
| 8. | GLOSSARY WORDS | 330 – 332 |
| 9. | ANTONYMS | 333 – 334 |
| 10. | FORMING NEW WORDS BY USING PREFIX AND SUFFIX | 335 – 338 |
| 11. | CONFUSABLE WORD | 339 – 341 |

# 12 समसामयिकी


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | भारत की जनसंख्या | 343 |
| 2. | कौशल विकास कार्यक्रम और अक्षय ऊर्जा संसाधन | 344 – 347 |
| 3. | महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता योजनाएँ | 347 – 351 |
| 4. | अंतरिक्ष, परमाणु, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कार्यक्रम | 351 – 352 |
| 5. | भारत और विश्व की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ | 353 – 356 |
| 6. | वर्तमान मुद्दों में भारत, व्यक्ति एवं स्थान | 356 – 358 |
| 7. | राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय पुरस्कार, पुस्तकें एवं खेल | 358 – 361 |


❑ ❑ ❑ ❑

1st Grade
स्कूल
व्याख्याता
परीक्षा

# भारत का इतिहास

# 1 गुप्त काल एवं मुगल काल

## गुप्त काल एवं मुगल काल के दौरान कला, स्थापत्य एवं साहित्यिक विकास

**1. गुप्तकाल के निम्नलिखित में से किस मन्दिर में "शिव-पार्वती' संगीत वाद्यों के साथ उकेरे गए हैं?**
(a) भूमरा मन्दिर (b) नचनाकुठार मन्दिर
(c) नागोद शिव मन्दिर (d) तिगवा मन्दिर

**2. अश्वमेध-प्रकार के स्वर्ण सिक्के निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रचलित किए गए थे?**
(a) चंद्रगुप्त द्वितीय
(b) समुद्रगुप्त
(c) चंद्रगुप्त द्वितीय एवं समुद्रगुप्त
(d) समुद्रगुप्त एवं कुमारगुप्त प्रथम

**3. गुप्त शासकों में किसे 'लिच्छवि दौहित्र' कहा गया है?**
(a) चन्द्रगुप्त I (b) समुद्रगुप्त
(c) चन्द्रगुप्त II (d) इनमें से में कोई नहीं

**4 गुप्त संवत् (319-20) को प्रारंभ करने का श्रेय किसे दिया जाता है?**
(a) श्रीगुप्त (b) चंद्रगुप्त
(c) समुद्रगुप्त (d) कुमारगुप्त

**5. 'प्रयाग प्रशस्ति' के लेखक कौन हैं?**
(a) भास (b) भारवि
(c) हरिषेण (d) रासव

**6. निम्नलिखित में से किसने समुद्रगुप्त को 'भारत का नेपोलियन' कहा?**
(a) डॉ.आर.सी. मजुमदार (b) डॉ. वी.ए. स्मिथ
(c) डॉ. एच.सी. रायचौधरी (d) डॉ. के.पी. जायसवाल

**7. निम्नांकित में से किस राजा को 'देवराज' नाम से भी जाना जाता है?**
(a) कनिष्क (b) गौतमीपुत्र शातकर्णी
(c) अशोक (d) चंद्रगुप्त विक्रमादित्य

**8. चंद्रगुप्त-II ने 'विक्रमादित्य' की उपाधि कब धारण की?**
(a) शकों के उन्मूलन के बाद
(b) अपने समस्त विजय अभियानों के बाद
(c) अपने विवाह के बाद
(d) उपर्युक्त सभी के बाद

**9. चंद्रगुप्त द्वितीय ने अपनी पुत्री प्रभावती गुप्त का विवाह किस राजवंश के राजा के साथ किया था?**
(a) पल्लव (b) सातवाहन
(c) वाकाटक (d) कदंब

**10. निम्नलिखित साम्राज्यिक गुप्त नरेशों में से सर्वप्रथम चांदी की मुद्राएं किसने जारी की थी?**
(a) काचगुप्त (b) चन्द्रगुप्त II
(c) कुमारगुप्त (d) स्कन्दगुप्त

**11. फाह्यान किसके शासनकाल में भारत आया था?**
(a) चंद्रगुप्त मौर्य (b) चंद्रगुप्त प्रथम
(c) चंद्रगुप्त द्वितीय (d) समुद्रगुप्त

**12. निम्नलिखित अभिलेखों में से किस एक में स्कंदगुप्त के राज्यकाल में हूणों के आक्रमण का उल्लेख है?**
(a) मथुरा (b) भीतरी
(c) जूनागढ़ (d) सांची

**13. निम्नलिखित में से किस गुप्त शासक ने हूणों पर विजय प्राप्त की?**
(a) चंद्रगुप्त द्वितीय (b) कुमारगुप्त प्रथम
(c) स्कंदगुप्त (d) भानुगुप्त

**14. सूची-1 में उल्लिखित नरेशों को सूची-II में दिए गए नामों से सुमेलित कीजिए और अधोलिखित कूट में से सही उत्तर को चुनिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. कुमारगुप्त प्रथम | 1. महादेवी कुबेरनागा |
| B. चंद्रगुप्त द्वितीय | 2. महादेवी कुमारदेवी |
| C. चंद्रगुप्त प्रथम | 3. महादेवी अनंतदेवी |

**कूट:**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 3 |

**15. गुप्तकालीन दशावतार मंदिर कहां स्थापित है?**
(a) देवगढ़ में (b) तिगवा में
(c) भीतरगांव में (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16. सती प्रथा का प्रथम अभिलेखीय साक्ष्य प्राप्त हुआ है-**
(a) एरण से (b) जूनागढ़ से
(c) मंदसौर से (d) सांची से

**17. गुप्तोत्तर काल में महत्त्वपूर्ण सामाजिक आर्थिक परिवर्तन क्या था?**
(a) सामंतवाद एवं भूमिदान
(b) आर्थिक सुदृढ़ता
(c) ब्राह्मणों का महत्त्व एवं व्यापार में वृद्धि
(d) शूद्रों को व्यापार का अधिकार

**18. स्कंदगुप्त के शासनकाल में सौराष्ट्र का प्रांतपति निम्नलिखित में कौन था?**
(a) तुषास्प (b) पर्णदत्त
(c) विशाख (d) हरिषेण

**19. गुप्त साम्राज्य में प्रांतीय राज्यपालों के लिए प्रयुक्त होने वाला पदनाम निम्नलिखित में से कौन-सा था?**
(a) विषयपति (b) कुमारामात्य
(c) उपरिक (d) आयुक्तक

**20. निम्नलिखित में से किस काल के मंदिर की वास्तुकला में सर्वप्रथम गंगा और यमुना की आकृतियां आती हैं?**
(a) परमार (b) पल्लव
(c) गुप्त (d) चंदेल

**21. गुप्तकाल को 'क्लासिक युग' क्यों कहते हैं?**
(a) वाणिज्य एवं व्यवसाय में प्रगति के कारण
(b) कला एवं साहित्य में प्रगति के कारण
(c) तकनीकी प्रगति के कारण
(d) सार्वभौम सत्ता के कारण

**22. गुप्त काल में अजंता की कौन-सी गुफाएं निर्मित हुई थीं?**
(a) 10, 11, 12, 13 (b) 12, 13, 14, 15
(c) 2, 8, 10, 11 (d) 16, 17

**23. निम्नलिखित में अजंता के किस गुफा में 'मरणासन्न राजकुमारी' का दृश्य अंकित है?**
(a) गुफा संख्या 1 (b) गुफा संख्या 9
(c) गुफा संख्या 10 (d) गुफा संख्या 16

**24. गुप्त वंश के शासनकाल में कौन-सा स्थान कला का प्रमुख केंद्र था?**
(a) सारनाथ (b) अमरावती
(c) एलोरा (d) सांची

**25. 'वृहतसंहिता' की रचना किसने की थी?**
(a) कालिदास (b) कल्हण
(c) आर्यभट्ट (d) वराहमिहिर

**26. निम्नलिखित में से 'अभिज्ञानशाकुंतलम्' के लेखक कौन हैं?**
(a) विशाखदत्त (b) कालिदास
(c) भास (d) बाणभट्ट

**27. निम्नलिखित में से 'मालविकाग्निमित्र' के रचयिता हैं-**
(a) शूद्रक (b) कालिदास
(c) भारवि (d) विशाखदत्त

**28. 'इलाहाबाद किला' का निर्माण निम्न में से किस मुगल सम्राट ने करवाया?**
(a) जहाँगीर (b) हुमायूँ
(c) अकबर (d) बाबर

**29. 'फतवाँ-ए-जहाँदारी' नामक पुस्तक निम्न में से किसके द्वारा लिखी गई?**
(a) इसामी (b) बरनी
(c) मियाँ भुआ (d) अमीर खुसरो

**30. निम्नलिखित में से किसे 'दक्षिण का ताज' तथा 'ताजमहल की फुहड़ नकल' कहा जाता है?**
(a) एतमादुद्दौला का मकबरा
(b) रबिया-उद्-दुर्रानी का मकबरा
(c) मिर्जा गालिब का मकबरा
(d) नफजखान का मकबरा

**31. निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने तैरते हुए बाजार का निर्माण करवाया था?**
(a) अकबर (b) बाबर
(c) हुमायूँ (d) औरंगजेब

**32. मुगल कालीन कला के बारे में कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) बीजापुर में 'इब्राहीम रोजा' है।
(b) अकबर ने फतेहपुर सीकरी 1585 ई. के बाद बनवाई।
(c) अकबर का मकबरा सिकन्दरा में है।
(d) शाहजहाँ ने दिल्ली में तख्ते ताउस बनवाया।

**33. किस मुगल बादशाह के काल को हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग कहा जाता है?**
(a) औरंगजेब (b) अकबर
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

**34. इनमें से कौन सम्राट अकबर के दरबार में चित्रकारी के उस्ताद थे?**
(a) ख्वाजा अब्दुस समद (b) मुश्किन
(c) अबुल हसन (d) उस्ताद मंसूर

**35. फतेहपुर सीकरी की किस इमारत को पर्सी ब्राउन ने "स्थापत्य कला का मोती" कहा है?**
(a) तुर्की सुल्ताना का महल (b) पंचमहल
(c) बुलन्द दरवाज़ा (d) इबादत खाना

**36. निम्नलिखित इमारतों में से मुगल बादशाह बाबर द्वारा निर्मित इमारतें हैं-**
(1) काबुली बाग मस्जिद (पानीपत)
(2) पंच महल (दिल्ली)
(3) जामा मस्जिद (सम्भल)
(4) जामा मस्जिद (हिसार)
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) 1, 2 (b) 1, 3
(c) 3, 4 (d) 2, 4

**37. औरंगजेब के काल के लेखकों तथा उनकी रचनाओं में कौन-सा सुमेलित नहीं है?**
(a) मिर्जा मुहम्मद काज़िम – आलमगीरनामा
(b) मुहम्मद साकी – खुलासत-उत-तवारीख
(c) भीमसेन – नुस्खा-ए-दिलकुशा
(d) ईश्वरदास नागर – फुतुहात-ए-आलमगीरी

**38. सूची-I मुगल उद्यानों को संसूचित करती है और सूची-II शासकों को संसूचित करती है जिनके शासन में उद्यान बनवाए गए थे। निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| **(1) आराम बाग (आगरा)** | **- बाबर** |
| **(2) निशात बाग (श्रीनगर)** | **- अकबर** |
| **(3) शालीमार बाग (लाहौर)** | **- शाहजहाँ** |
| **(4) पिंजौर बाग (पंचकुला)** | **- औरंगजेब** |

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**39. अकबर के शासनकाल के दौरान 'पंचतंत्र' का फारसी में अनुवाद किसने किया?**
(a) अबुल फ़जल (b) फ़ैजी
(c) इब्राहिम सरहिन्दी (d) निजामुद्दीन अहमद

**40. निम्नलिखित में से कौन-सा मुगल वास्तुकला में दोहरे गुम्बद का सबसे प्रारम्भिक उदाहरण माना जाता है?**
(a) एतमादुद्दौला का मकबरा, आगरा
(b) हुमायूँ का मकबरा, दिल्ली
(c) मोती मस्जिद, आगरा
(d) जामा मस्जिद, दिल्ली

**41. धरातलीय सजावट की पित्रादुरा शैली का सर्वप्रथम प्रस्तुतीकरण निम्न में से किसमें है?**
(a) ताज महल
(b) मोती मस्जिद (आगरा किला)
(c) दीवान ए आम (लाल किला)
(d) एतमादुद्दौला का मकबरा

**42. निम्नलिखित में से किसने कश्मीर में शालीमार और निशात बाग की नींव रखी?**
(a) अकबर (b) जहांगीर
(c) शाहजहाँ (d) नूरजहाँ

**43. मुगलकाल में "मंजिल आबादी", "सिपह-आबादी" व "मुल्क आबादी" का संबंध किससे था?**
(a) पुस्तक के भाग (b) जनसंख्या के भाग
(c) राजस्व के भाग (d) प्रशासन के भाग

**44. आइन-ए-अकबरी में अबुल फजल ने मनसबदारों की कितनी श्रेणियों का उल्लेख किया है?**
(a) 22 (b) 33
(c) 44 (d) 66

**45. फतेहपुर सीकरी में अकबर द्वारा बुलंद दरवाजा किस विजय की स्मृति में बनवाया गया था?**
(a) गुजरात (b) खानदेश
(c) अहमदनगर (d) बरार

**46. निम्न में से कौन अकबर के नवरत्नों में शामिल नहीं था?**
(a) बीरबल (b) रहीम
(c) बैजू बावरा (d) टोडरमल

**47. 'तुजुक-ए-जहांगीरी' किसने लिखी?**
(a) बदायूंनी (b) जहांगीर
(c) बरनी (d) अबुल फजल

**48. निम्नलिखित मुगल शासकों में कौन 'वीणा बजाने का शौकीन था?**
(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) जहांगीर (d) शाहजहां

**49. जहांगीर के दरबार में निम्नलिखित चित्रकारों में से कौन प्राकृतिक विषयों के चित्रण के लिए प्रसिद्ध था?**
(a) विशन दास (b) अब्दुल हसन
(c) उस्ताद मंसूर (d) आगा रजा

**50. मंसूर और माधव किसके दरबार में मुख्य चित्रकार थे?**
(a) अकबर (b) जहांगीर
(c) शाहजहाँ (d) औरगजेब

**51. मुगल सम्राटों में चित्रकला का पारखी कौन था?**
(a) अकबर (b) शाहजहां
(c) जहांगीर (d) हुमायूं

**52. वह कौन-सा हिंदू चित्रकार था, जो जहांगीर द्वारा ईरान के शाह अब्बास प्रथम का छाया चित्र बनाने के लिए भेजा गया था?**
(a) बसावन (b) दसरथ
(c) बिशनदास (d) मनोहर

**53. किसके शासनकाल में पोट्रेट चित्रकला का अत्यधिक विकास हुआ?**
(a) अकबर (c) शाहजहां
(b) जहांगीर (d) बहादुरशाह

**54. शाहजहां ने किस संगीतज्ञ को 'गुण समुद्र' की पदवी प्रदान की?**
(a) पं. जगन्नाथ (b) सुखरोन
(c) सूरसेन (d) लाल खा

**55. निम्नलिखित में से किसके शासनकाल को स्थापत्य का स्वर्णकाल' कहा जाता है?**
(a) अकबर (b) जहांगीर
(c) शाहजहां (d) औरंगजेब

**56. निम्नलिखित में से किसके काल में प्रसिद्ध मयूर सिंहासन निर्मित हुआ था?**
(a) अकबर (b) जहांगीर
(c) औरंगजेब (d) शाहजहाँ

**57. निम्नलिखित में से किस स्मारक को 'दक्कन का ताजमहल कहा जाता है?**
(a) बीबी का मकबरा (b) मोती मस्जिद
(c) जामा मस्जिद (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58. मुगल वंश की निम्नलिखित में से किस इमारत के डिजाइन और वास्तुकला से उस्ताद ईशा संबंधित हैं?**
(a) ताजमहल (b) बुलंद दरवाजा
(c) लाल किला (d) एतमाद-उद-दौला का मकबरा

**59. निम्नलिखित को उनकी निर्माण-तिथि के क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए**
**1. आगरा का किला** **2. दिल्ली का लाल किला**
**3. कुतुबमीनार** **4. ताजमहल**
**कूट:**
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 3, 1, 2, 4
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 3, 4, 2, 1

**60. 'आगरा और फतेहपुर सीकरी दोनों लंदन से बड़े हैं। यह वक्तव्य किसने दिया था?**
(a) बर्नियर (b) मनूची
(c) राल्फ फ़िच (d) हाकिन्स

**61. जोधाबाई महल स्थित है -**
(a) फतेहपुर सीकरी (b) दिल्ली में
(c) अजमेर में (d) पानीपत में

**62. निम्नलिखित में से अकबर द्वारा कौन-सा भवन फतेहपुर सीकरी में निर्मित नहीं है?**
(a) दीवाने आम (b) पंचमहल
(c) दीवाने खास (d) शीशमहल

**63. अकबर-कालीन किस भवन/किन भवनों की स्थापत्य योजना को बौद्ध स्थापत्य से प्रेरणा मिली थी?**
(a) फतेहपुर सीकरी का पंचमहल
(b) सिकंदरा में अकबर का मकबरा
(c) उपर्युक्त a और b दोनों
(d) फतेहपुर सीकरी में इबादतखाना

**64. पित्रादुरा नामक सजावट की विधि मुगल इमारतों में निम्नलिखित शासकों में से किसके शासनकाल के दौरान इस्तेमाल की जाने लगी?**
(a) अकबर (b) हुमायू
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

**65. एक प्रत्यक्षदर्शी ने भारत के किस इमारत से उत्प्रेरित होकर कहा था कि उसे जन्नत से धरती पर उतारा गया है?**
(a) दिल्ली के लाल किले का भवन
(b) ताजमहल
(c) हीरा महल
(d) दिल्ली की जामा मस्जिद

**66. सूची-I का मिलान सूची-II से कीजिए और दिए कूट से सही उत्तर चुनिए -**

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| A. | सासाराम में मकबरा | 1. | मुहम्मद कुली कुतुबशाह |
| B. | फतेहपुर सीकरी | 2. | शाहजहां |
| C. | जामा मस्जिद | 3. | अकबर |
| D. | चार मीनार | 4. | शेरशाह |

**कूट:**
(a) A-4, B-3, C-2, D-1
(b) A-4, B-2, C-3, D-1
(c) A-3, B-4, C-2, D-1
(d) A-4, B-3, C-1, D-2

**67. मुगलकालीन वास्तुकला के बारे में किसने कहा कि मुगल काल भारतीय वास्तुकला का ग्रीष्मकाल है, जो प्रकाश और उर्वरा का प्रतीक माना जाता है?**
(a) स्मिथ (b) पर्सी ब्राउन
(c) एलफिस्टन (d) मार्शल

**68. निम्नलिखित में से किसे मुगल शासकों के काल के दौरान न्यायिक प्रणाली में सर्वोच्य पद पर नियुक्त किया गया था?**
(a) काजी-उल-कुजात (b) काजी-उल हजार
(c) काजी-पाज-उल-इस्लाम (d) इनमें से कोई नहीं

**69. अधोलिखित में कौन अकबर के केंद्रीय प्रशासन का सर्वोच्च अधिकारी था?**
(a) वजीर (c) मीर बक्शी
(b) वकील (d) मीरे सामा

**70. मुगल काल के दौरान मीर बख्शी के कार्यालय के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) उसने युद्ध में सैनिकों को सुव्यवस्थित करने का प्रबंध किया।
(b) वह खुफिया विभाग का प्रमुख था।
(c) उसने सम्राट की नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों को प्रस्तुत किया।
(d) राज्य के सभी उच्च अधिकारियों की नियुक्तियों के साथ साथ सही पदोन्नत्तियों के मामले चीफ बख्शी से होकर गुजरे

**71. मुगल शासन-व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) मुगल शासन व्यवस्था मुख्यत: एक सैनिक शासन था।
(b) वह एक केंद्रीभूत निरंकुशवाद या एकतंत्रवाद था।
(c) सम्राट को इस्लामी परंपराओं का पालन करना पड़ता था।
(d) सम्राट द्वारा मंत्रियों से परामर्श लेना आवश्यक नहीं था।

**72. बाबर ने अपनी आत्मकथा 'तुजुके-बाबरी किस भाषा में लिखी?**
(a) अरबी
(b) फारसी
(c) पश्तो
(d) तुर्की

**73. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रंथ अकबरकालीन नहीं है?**
(a) अकबरनामा
(b) तारीख-ए बदायूंनी
(c) बादशाहनामा
(d) तबकात-ए-अकबरी

**74. निम्न में से किस कृति को उसके फारसी अनुवादकों द्वारा 'रज्मनामा' शीर्षक दिया गया?**
(a) लीलावती
(b) महाभारत
(c) रामायण
(d) अथर्ववेद

**75. औरंगजेब ने अपनी विजयों को लिपिबद्ध करने के लिए किस हिंदू इतिहासकार को खोजा था?**
(a) गंगाधर
(b) ईश्वरदास नागर
(c) महेरा
(d) देवी मिना

**ANSWER KEY**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. [b] | 2. [d] | 3. [b] | 4. [b] | 5. [c] |
| 6. [b] | 7. [d] | 8. [a] | 9. [c] | 10. [b] |
| 11. [c] | 12. [b] | 13. [c] | 14. [a] | 15. [a] |
| 16. [a] | 17. [a] | 18. [b] | 19. [c] | 20. [c] |
| 21. [b] | 22. [d] | 23. [d] | 24. [a] | 25. [d] |
| 26. [b] | 27. [b] | 28. [c] | 29. [b] | 30. [b] |
| 31. [c] | 32. [b] | 33. [b] | 34. [a] | 35. [a] |
| 36. [b] | 37. [b] | 38. [b] | 39. [a] | 40. [b] |
| 41. [d] | 42. [b] | 43. [a] | 44. (d) | 45. [a] |
| 46. [c] | 47. [b] | 48. [b] | 49. [c] | 50. [b] |
| 51. [c] | 52. [c] | 53. [b] | 54. [d] | 55. [c] |
| 56. [d] | 57. [a] | 58. [a] | 59. [b] | 60. [c] |
| 61. [a] | 62. [d] | 63. [c] | 64. [c] | 65. [b] |
| 66. [a] | 67. [b] | 68. [a] | 69. [b] | 70. [a] |
| 71. [c] | 72. [d] | 73. [c] | 74. [b] | 75. [b] |

♦ ♦ ♦ ♦

# 2 1857 का स्वतन्त्रता संग्राम

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा 1857 के विद्रोह का मुख्य केंद्र नहीं था?**
(a) कानपुर (b) बरेली
(c) रोहतक (d) लखनऊ

**2. सन् 1857 के विद्रोह के समय भारत में मुगल बादशाह कौन था?**
(a) बहादुर शाह रंगीला (b) शाह आलम
(c) अहमद शाह (d) बहादुर शाह II

**3. मौलवी लियाकत अली, जिन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, निम्नलिखित में से किस शहर से संबंधित थे?**
(a) बरेली (b) इलाहाबाद
(c) फैज़ाबाद (d) लखनऊ

**4. मंगल पाण्डे किस रेजीमेंट के सैनिक थे?**
(a) 37वीं एन. आई. रेजीमेंट
(b) 34वीं एन. आई. रेजीमेंट
(c) 24वीं एन. आई. रेजीमेंट
(d) 47वीं एन. आई. रेजीमेंट

**5. निम्नलिखित में से किस समकालीन ब्रिटिश सांसद ने 1857 के विद्रोह को 'राष्ट्रीय विद्रोह' कहा था?**
(a) लॉर्ड कैनिंग (b) बेंजामिन डिजरायली
(c) ग्लेडस्टोन (d) लॉर्ड एलेनबरो

**6. 1857 के विद्रोह के समय भारत का गवर्नर-जनरल कौन था?**
(a) लॉर्ड लिटन (b) लॉर्ड क्लाइव
(c) लॉर्ड कर्ज़न (d) लार्ड कैनिंग

**7. 1857 की क्रांति के दौरान विद्रोहियों ने अवध का नवाब घोषित किया-**
(a) बख्त खाँ को (b) हजरत महल को
(c) बिरजिस कादिर को (d) वाजिद अलीशाह को

**8. 1857 के विद्रोह के समय लखनऊ रेजीडेंसी में विद्रोहियों के घेरे के दौरान मरने वाला अंग्रेज अधिकारी था-**
(a) हेनरी लॉरेन्स (b) जनरल नील
(c) हैवलॉक (d) हडसन

**9. 1857 का विद्रोह कहाँ से प्रारंभ हुआ?**
(a) दिल्ली (b) झांसी
(c) मेरठ (d) कानपुर

**10. लखनऊ में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किसने किया था?**
(a) नाना साहब (b) तात्या टोपे
(c) जीनत महल (d) हजरत महल

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रदेश भारत में सैनिकों की पौधशाला कहलाता था?**
(a) पंजाब (b) अवध
(c) बंगाल (d) गुजरात

**12. निम्न में से कौन-सा 1857 के विद्रोह का राजनीतिक कारण नहीं है?**
(a) कुशासन के आधार पर अवध के नवाब वाजिद अली शाह को अपदस्थ कर ब्रिटिश साम्राज्य का अंग बनाना।
(b) डलहौजी की गोद निषेध प्रथा।
(c) जमीदारों एवं जागीरदारों की जाँच के लिए बम्बई में ईनाम कमीशन बैठाना।
(d) हिन्दू समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने हेतु विलियम बैंटिक एवं डलहौजी द्वारा बनाए गए कानून।

**13. 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण था-**
(a) चर्बी वाले कारतूसों का प्रयोग आरंभ करना
(b) डलहौजी का जब्ती का सिद्धांत
(c) ब्रिटिश सैनिकों एवं भारतीय सैनिकों के वेतन में भारी अंतर
(d)भारतीयों को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने का प्रयास

**14. वह पहला भारतीय सिपाही कौन था, जिसने चर्बी वाले कारतूस का प्रयोग करने से इंकार कर किया?**
(a) मंगल पाण्डे (b) शिव राम
(c) हरदेव (d) अब्दुल रहीम

**15. रानी लक्ष्मी बाई के नेतृत्व में 1857 के विद्रोह की शुरुआत कब हुई?**
(a) 5 जून, 1857
(b) 4 जून, 1857
(c) 8 जून, 1857
(d) 9 जून, 1857

**16. 1857 के विद्रोह के दौरान बहादुरशाह जफर को किस मुगल शासक के मकबरे से गिरफ्तार किया गया?**
(a) हुमायूँ (b) अकबर
(c) शाहजहाँ (d) जहाँगीर

**17. 'यदि सिंधिया भी विद्रोह में सम्मिलित हो जाए तो मुझे कल ही भारत छोड़ना पड़ेगा।' 1857 की क्रांति के बारे में उक्त कथन था?**
(a) जनरल नील का (b) लेफ्टिनेंट हडसन
(c) लॉर्ड कैनिंग का (d) सर जॉन शोर का

**18. 1857 के विद्रोह के समय अंग्रेजों ने दिल्ली पर पुन: अधिकार कब किया था?**
(a) 20 अगस्त, 1857
(b) 20 सितम्बर, 1857
(c) 20 अक्टूबर, 1857
(d) 20 नवम्बर, 1857

**19. 22 सितम्बर, 1857 को मुगल बादशाह बहादुरशाह जफर के दो पुत्रों (मिर्जा मुगल, मिर्जा ख्वाजा सुल्तान) और पौत्र (मिर्जा अबूब्रक) की गोली मारकर हत्या करने वाला अंग्रेज सैनिक अधिकारी कौन था?**
(a) जनरल जॉन बैनेट हियरसे
(b) जनरल नील
(c) लेफ्टिनेंट हडसन
(d) जॉन लारेन्स

**20. मंगल पाण्डे, जिसने अकेले 1857 ई. में विद्रोह का सूत्रपात किया, संबंधित थे-**
(a) 34वीं नेटिव इंफैंट्री से (b) 22वीं नेटिव इंफैंट्री से
(c) 19वीं नेटिव इंफैंट्री से (d) 38वीं नेटिव इंफैंट्री से

**21. बेगम हजरत महल ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व निम्नलिखित में किस शहर से किया था?**
(a) लखनऊ (b) कानपुर
(c) बनारस (d) इलाहाबाद

**22. वर्ष 1857 के विद्रोह के निम्नलिखित नेताओं में से किसने सबसे पहले बलिदान दिया?**
(a) कुंवर सिंह (b) तात्या टोपे
(c) लक्ष्मीबाई (d) मंगल पाण्डे

**23. वर्ष 1858 में गवर्नर जनरल लॉर्ड कैनिंग ने एक विस्तृत दरबार में विक्टोरिया की घोषणा को पढ़कर सुनाया, यह दरबार आयोजित किया गया था-**
(a) कलकत्ता में (b) दिल्ली में
(c) इलाहाबाद में (d) शिमला में

**24. निम्नलिखित में से 1857 के भारतीय विद्रोह का कारण क्या नहीं था?**
(a) एनफील्ड राइफलों का आरम्भ करना
(b) सभी भारतीयों की औपनिवेशिक युग से छुटकारा पाने की इच्छा
(c) भारतीय सैनिकों को भारत तथा विदेश में काम करना था।
(d) भारतीय तथा अंग्रेजों सैनिकों में बहुत असमानता

**25. 1857 के विद्रोह में कानपुर में सैनिकों का नेतृत्व किसने किया था?**
(a) कुंवर सिंह (b) तात्या टोपे
(c) लक्ष्मीबाई (d) नाना साहेब

**26. निम्नलिखित में से किसने आजादी की पहली लड़ाई 1857 के विद्रोह में भाग नहीं लिया?**
(a) तात्या टोपे (b) लक्ष्मीबाई
(c) बहादुरशाह II जफर (d) भगत सिंह

**27. 1857 की क्रांति के समय ब्रिटेन का प्रधानमंत्री कौन था?**
(a) बेंजामिन डिजरायली (b) लॉर्ड जॉर्ज
(c) ग्लैडस्टोन (d) लॉर्ड पामर्स्टन

**28. निम्नलिखित में से किसे धोंधू पंत के नाम से भी जाना जाता है?**
(a) कुँवर सिंह
(b) ताँत्या टोपे
(c) नाना साहब
(d) बख्त खाँ

**29. निम्नलिखित में से कौन इलाहाबाद में 1857 के संग्राम का नेता था?**
(a) नाना साहेब
(b) ताँत्या टोपे
(c) मौलवी लियाकत अली
(d) अजीमुल्ला

**30. मंगल पाण्डे ने लेफ्टिनेंट बाग एवं सार्जेन्ट मेजर ह्यूसन सैन्य अधिकारियों पर हमला किया?**
(a) 29 मार्च, 1857
(b) 8 मार्च, 1857
(c) 10 मई, 1857
(d) 29 अप्रैल, 1857

**31. भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम (1857) का कानपुर में नेतृत्व किसने किया था?**
(a) तांत्या टोपे
(b) लक्ष्मीबाई
(c) नाना साहब
(d) कुँवर सिंह

**32. 1857 के दौरान लिखित पुस्तक 'माझा प्रवास' के लेखक हैं**
(a) विष्णुभट्ट गोडसे
(b) सीताराम पाण्डेय
(c) नारगेट
(d) मंगल पाण्डेय

**33. कतिपय विद्रोहियों ने एक साथ भारत के विभिन्न भागों मे 1857 के विद्रोह की योजना बनाई थी, एक साथ विद्रोह की तारीख नियत की गई-**
(a) 8 अप्रैल, 1857
(b) 30 मई, 1858
(c) 31 मई, 1857
(d) 10 मई, 1857

**34. विद्रोही सैनिकों ने दिल्ली पहुँचकर मुगल सम्राट बहादुरशाह से अपना नेतृत्व ग्रहण करने की अपील की-**
(a) 31 मई, 1857
(b) 20 सितम्बर, 1857
(c) 11 मई, 1857
(d) 11 जून, 1857

**35. 1857 में भारत में हुए विद्रोह के एक नेता तात्या टोपे का मूल नाम क्या था?**
(a) गोपाल कृष्ण गोखले
(b) नाना साहेब
(c) बालाजी राव
(d) रामचन्द्र पाण्डुरग

**36. 1857 में अंग्रेजी साम्राज्य के विरुद्ध पंजाब में किसने सशस्त्र विद्रोह किया?**
(a) सैनिकों ने
(b) नामधारी सिखों ने
(c) अकाली सिखों ने
(d) निरंकारी सिखों ने

**37. 1857 में किसने इलाहाबाद को आपातकालीन मुख्यालय बनाया था?**
(a) लॉर्ड विलियम बैंटिक (b) लॉर्ड कैनिंग
(c) लॉर्ड कॉर्नवालिस (d) लॉर्ड वेलेजली

**38. बिहार के जगदीशपुर में विद्रोह के दमन का श्रेय किस ब्रिटिश अधिकारी को है?**
(a) हडसन
(b) हैवलाक
(c) ह्यूरोज
(d) मेजर विसेंट आइर

**39. कुँवर सिंह, 1857 के विद्रोह के एक प्रमुख नायक थे। वह निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित थे?**
(a) मध्य प्रदेश
(b) राजस्थान
(c) उत्तर प्रदेश
(d) बिहार

**40. नाना साहब, जो 1857 ई. के भारतीय विद्रोह में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़े, कौन थे?**
(a) बनारस के नरेश के सम्बन्धी
(b) पेशवा बाजीराव तृतीय के पुत्र
(c) पेशवा बाजीराव द्वितीय के दत्तक पुत्र
(d) अवध के नवाब भी सेना में सैनिक

**41. निम्नलिखित में से किसने 1857 के विप्लव को 'प्रथम भारतीय स्वातंत्र्य युद्ध' की संज्ञा दी?**
(a) वी. डी. सावरकर
(b) बी. जी. तिलक
(c) आर. सी. मजुमदार
(d) एस. एन. सेन

**42. 1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा भारतीय सैनिकों की भर्ती अधिकांशत: निम्नलिखित से की जाती थी?**
(a) पूर्व के बंगाली और उड़िया
(b) उत्तर में गोरखा, सिख और पंजाबी
(c) दक्षिण में मद्रास प्रेसीडेंसी और पश्चिम में मराठा
(d) उत्तर प्रदेश और बिहार के ब्राह्मण

**43. वर्ष 1857 के विद्रोह के संदर्भ में निम्नलिखित में से किसे उसके मित्र ने धोखा दिया तथा जिसे अंग्रेजों द्वारा बंदी बनाकर मार दिया गया?**
(a) कुँवर सिंह
(b) ताँत्या टोपे
(c) नाना साहिब
(d) खान बहादुर खान

**44. 1857 की क्रांति की शुरुआत हुई-**
(a) 12 जुलाई, 1857 - दिल्ली
(b) 10 मई, 1857 - मेरठ
(c) 29 मार्च, 1957 - बैरकपुर
(d) 30 मई, 1857 – मेरठ

**45. यहाँ वह औरत सोई हुई है, जो विद्रोहियों में एकमात्र मर्द थी। रानी लक्ष्मीबाई की मृत्यु पर उक्त शब्द कहे-**
(a) लॉर्ड कैनिंग ने (b) जनरल ह्यूरोज ने
(c) सुरेन्द्र नाथ सेन ने (d) निकलसन ने

**46. बरेली में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया?**
(a) लियाकत अली
(b) खान बहादुर खान
(c) मौलवी अहमदुल्ला
(d) तात्या टोपे

**47. 1857 के विप्लव के दौरान निम्न विद्रोह-स्थलों को विद्रोह फैलने के अनुसार कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित कीजिए-**
**(A) मेरठ** **(B) बरेली**
**(C) झाँसी** **(D) कोटा**
**अपना उत्तर निम्न संकेतों में से चुनें-**
(a) A B C D
(b) B D A C
(c) C B A D
(d) D B C A

**48. निम्नलिखित में से कौन-सा आयोग 1857 का विद्रोह दमन के बाद भारतीय फौज के नवसंगठन से संबंधित है?**
(a) पब्लिक सर्विस आयोग
(b) पील आयोग
(c) हन्टर आयोग
(d) साइमन कमीशन

**49. 1857 का विद्रोह मुख्यत: किस कारण से असफल रहा?**
(a) हिन्दू-मुस्लिम एकता की कमी
(b) किसी सामान्य योजना और केन्द्रीय संगठन की कमी
(c) इसके प्रभाव का सीमित क्षेत्र
(d) जमींदारों की असहभागिता

**50. 1857 के विद्रोह का नेतृत्व बिहार में किसने किया?**
(a) खान बहादुर खां
(b) कुँवर सिंह
(c) तात्या टोपे
(d) रानी राम कुआंरि


| ANSWER KEY | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. [c] | 2. [d] | 3. [b] | 4. [b] | 5. [b] |
| 6. [d] | 7. [c] | 8. [a] | 9. [c] | 10. [d] |
| 11. [b] | 12. [d] | 13. [d] | 14. [a] | 15. [b] |
| 16. [a] | 17. [c] | 18. [b] | 19. [c] | 20. [a] |
| 21. [a] | 22. [d] | 23. [c] | 24. [b] | 25. [d] |
| 26. [d] | 27. [d] | 28. [c] | 29. [c] | 30. [a] |
| 31. [c] | 32. [a] | 33. [c] | 34. [c] | 35. [d] |
| 36. [b] | 37. [b] | 38. [d] | 39. [d] | 40. [c] |
| 41. [a] | 42. [b] | 43. [b] | 44. [b] | 45. [b] |
| 46. [b] | 47. [a] | 48. [b] | 49. [b] | 50. [b] |

♦♦♦♦

मुश्किल परीक्षाएें भी आसान लगेगी
जब तैयारी होगी लक्ष्य के साथ

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर





## 1st Grade 1st Paper (स्कूल व्याख्याता)

## 2nd Grade शिक्षक भर्ती परीक्षा

## 3rd Grade शिक्षक भर्ती परीक्षा




Scan to Download Lakshya App Now

## - COURSE OFFERED -

- NOTES WITH LIVE FROM CLASSROOM BATCH
- NOTES WITH RECORDED BATCH
- MCQ BASED BATCH
- TASK BASED TEST SERIES
- OFFLINE CLASSROOM BATCH

## क्यों हैं लक्ष्य क्लासेज विशेष?

- व्यापक अध्ययन सामग्री
- MCQ की बुकलेट
- नियमित टेस्ट सीरीज
- पूर्णत: समर्पित यूट्यूब चैनल
- लाइब्रेरी सुविधा
- अनुभवी एवं योग्य फैकल्टी
- सुसज्जित स्मार्ट क्लासरूम
- ऑनलाइन एप्लीकेशन एक्सेस
- मासिक करंट अफेयर्स मैगज़ीन
- नियमित काउंसलिंग

INSTAGRAM FACEBOOK YOUTUBE TELEGRAM

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™

M. 6376957258, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur